# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 19/11/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 18.11.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. थाना जमानियाँ पुलिस द्वारा चोरी की नियत से घर में घुस रहे अभियुक्त को हिरासत में लिया गया।**

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 18.11.2025 को उ0नि0 अश्वनी प्रताप सिंह मय हमराहियान द्वारा ग्राम गढ़ही चक जहरुल्लाह मे चोरी की नियत से घर में घुस रहे व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। जिसके पास से जामा तलाशी में 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0- 418/2025 धारा-331(4)/62 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–**

1. सरोज मुसहर पुत्र गुमा मुसहर ग्राम कुढनी थाना कुधनी जनपद कैमूर बिहार प्रांत उम्र करीब 37 वर्ष

आपराधिक इतिहास -मु0अ0सं0- 418/2025 धारा-331(4)/62 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जमानिया जनपद गाजीपुर

**बरामदगी का विवरण–**

1. 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर

**2. थाना नोनहरा पुलिस की बड़ी कार्यवाही - 03 नफर गांजा तस्करों को किया गया गिरफ्तार।**
**कब्जे से 13.400 किग्रा0 अवैध गांजा का बरामद ( अनुमानित कीमत लगभग 3.50 लाख रू )**

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 18.11.2025 को प्रभारी निरीक्षक नोनहरा पवन कुमार उपाध्याय व उ0नि0 अजय कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन के क्रम में निर्माणाधीन ग्रीन फिल्ड़ एक्सप्रेसवे पर रसूलपुर हबीबुल्लाह वाले अण्डरपास के ऊपर सघन चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की किया जा रही था कि तभी एक मोटर साइकिल मुहम्मदाबाद की ओर से जंगीपुर की तरफ आती दिखाई दी, जिसको रोकने का इशारा किया गया तो उपरोक्त मोटर साइकिल

का चालक मोटर साइकिल को रोककर तेजी से पीछे की ओर ले जाने का प्रयास करने लगा कि मोटर साइकिल पर तीन लोग बैठे होने के कारण मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर बन्द हो गई। शक होने पर दौड़कर उक्त मोटर साइकिल BR03AJ6503 को पकड़ लिया गया। जामा तलाशी में मोटर साइकिल चालक के पास से एक पिट्ठू बैंग में कुल 3.070 कि0ग्रा0 अवैध गांजा का बरामद होना, बीच में बैठे व्यक्ति के पास से एक प्लास्टिक की बोरी में कुल 5.790 कि0ग्रा0 अवैध गांजा का बरामद होना तथा सबसे पीछे बैंठे व्यक्ति के पास से एक पिट्ठू बैंग में कुल 4.540 कि0ग्रा अवैध गांजा का बरामद होना पाया गया उक्त तीनो व्यक्तियो के पास से बरामद कुल 13.400 किलो ग्राम अवैध गाँजा के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके आधार पर थाना नोनहरा पर मु0अ0सं0 353/2025 धारा 8/20 NDPS Act का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता–**

1. विकाश गोस्वामी पुत्र मन्नु गोस्वामी निवासी ग्राम ब्रम्हपुर थाना ब्रम्हपुर जनपद बक्सर राज्य बिहार उम्र करीब 37 वर्ष
2. श्याम बिहारी यादव पुत्र तेजू यादव निवासी ग्राम ब्रम्हपुर थाना ब्रम्हपुर जनपद बक्सर राज्य बिहार उम्र 30 वर्ष
3. सुनील उर्फ पिण्टु गिरी पुत्र कान्ता गिरी निवासी ग्राम गौरा उपरवार थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी उम्र 40 वर्ष

**बरामदगी का विवरण –** 13 किलो 400 ग्राम नाजायज गांजा बरामद।

**आपराधिक इतिहास–**

अभि0- विकाश गोस्वामी पुत्र मन्नु गोस्वामी निवासी ग्राम ब्रम्हपुर थाना ब्रम्हपुर जनपद बक्सर राज्य बिहार

1. मु0अ0सं0 532/2018 धारा 8/20 NDPS Act थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर
2. मु0अ0सं0 533/2018 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर
3. मु0अ0सं0 2198/2012 धारा 8/20 NDPS Act थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर
4. मु0अ0सं0 353/2025 धारा 8/20 NDPS Act थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर

अभि0- श्याम बिहारी यादव पुत्र तेजू यादव निवासी ग्राम ब्रम्हपुर थाना ब्रम्हपुर जनपद बक्सर राज्य बिहार

1. मु0अ0सं0 353/2025 धारा 8/20 NDPS Act थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर

अभि0- सुनील उर्फ पिण्टु गिरी पुत्र कान्ता गिरी निवासी ग्राम गौरा उपरवार थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी

1. मु0अ0सं0 559/2018 धारा 323/506 भादवि थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी
2. मु0अ0सं0 248/2020 धारा 8/20 NDPS Act थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर
3. मु0अ0सं0 353/2025 धारा 8/20 NDPS Act थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर
4. मु0अ0सं0 603/2017 धारा 506 भादवि थाना खानपुर जनपद गाजीपुर

**3. स्वाट टीम,थाना जंगीपुर एवं थाना बिरनो पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अंतर जनपदीय शातिर गौ तस्कर पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार जिनके कब्जे से 03 अदद अवैध तमंचा .315 बोर 03 अदद खोखा कारतूस .315 बोर 02 अदद जिंदा कारतूस.315 बोर एक अदद स्कार्पियो व 01अदद पिकअप वाहन मय 06 राशि गोवंश बरामद।**

दिनांक 18.11.25 को अपराध एवम् अपराधियो के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बिरनो प्रभारी दौरान ए गश्त ग्राम ग्रीनफील्ड रमदोपुर मोड के पास मौजूद थे एक तेज रफ्तार संदिग्ध पिकअप व एक

स्कॉर्पियो वाहन गोरखपुर वाराणसी हाईवे पर जंगीपुर की तरफ जाता हुआ दिखाई दिया पिकअप का पीछा कर रोकने का प्रयास किया गया तो पिकअप सवार द्वारा पिकअप तेजी से जंगीपुर की तरफ भगाने लगा थानाध्यक्ष बिरनो द्वारा जरिये दूरभाष थानाध्यक्ष जंगीपुर जो पूर्व से ही स्वाट टीम प्रभारी के साथ क्षेत्र मे भ्रमणशील थे को सूचना देते हुए संदिग्ध गाड़ी का पीछा किया गया। रसूलाबाद के पास खुद को घिरा देख पिकअप व स्कॉर्पियो सवारों द्वारा पुलिस टीम पर फायर करते हुए पिकअप व स्कॉर्पियो को पुनः मोड़ कर बिरनो के तरफ भागने लगे, देवकथिया मोड कच्चे रास्ते पर पुलिस टीम द्वारा घिरा देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से निशाना लगाकर बदमाशों द्वारा फायर किया जाने लगा , पुलिस टीम द्वारा आत्मराक्षार्थ में संतुलित फायरिंग की गयी तो तीन बदमाशों के पैरो में गोली लगने से वह घायल हो गए। जिन्हे तत्काल मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए जिला अस्पताल गाजीपुर उपचार हेतु भेजा गया व तीन बदमाश मय स्कॉर्पियो वाहन गिरफ्तार किये गये । पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में थाना जंगीपुर पर अभियोग पंजीकृत कर । अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**नाम पता घायल /गिरफ़्तार अभियुक्तगण -**

1. मो0 सुहेल खान s/o सलाम खान ग्राम शेरघाटी थाना अमास जनपद गया बिहार उम्र 22 वर्ष ( घायल/गिरफ्तार)
2. शशिकान्त राणा पुत्र स्व0 घुरबटोर ग्राम चिलबीली थाना धीना जनपद चन्दौली ( घायल/गिरफ्तार)
3. युवराज कुमार पुत्र भुल्लर ग्राम कोल्हनामऊ थाना बक्सा जनपद जौनपुर (गिरफ्तार)
4. रंजीत कुमार पुत्र सन्जू कुमार ग्राम कोल्हनामऊ थाना बक्सा जनपद जौनपुर ( घायल/गिरफ्तार)
5. अजीत यादव पुत्र बैजनाथ यादव ग्राम लख्नोडीह थाना आशपुर देवसरा प्रतापगढ(गिरफ्तार)
6. सर्वेस यादव पुत्र रामफेर यादव ग्राम लख्नोडीह थाना आशपुर देवसरा प्रतापगढ(गिरफ्तार)

**बरामदगी -**

1. तीन अदद अवैध तमंचा.315 बोर
2. 02 अदद जिंदा कारतूस.315 बोर
3. तीन अदद खोखा कारतूस . 315बोर
4. एक अदद पिकअप वाहन
5. गोवंश 6 राशि
6. एक अदद स्कॉर्पियो

पुलिस अधीक्षक

**गाजीपुर**